भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. †1250
सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**सीबीडीडी योजना के अंतर्गत गंतव्य**

†1250. **डॉ. बायरेड्डी शबरी:**
**श्री अरविंद धर्मापुरी:**
क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में स्वदेश दर्शन 2.0 की चुनौती-आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) उप-योजना के अंतर्गत अनुमोदित गंतव्यों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा प्रत्येक गंतव्य का विषय/श्रेणी क्या है;

(ख) सीबीडीडी के अंतर्गत चिह्नित एवं उन्नत किए गए गंतव्यों की सूची क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में सीबीडीडी के तहत चयनित गंतव्यों का ब्यौरा, जिसमें नागार्जुन सागर और अहोबिलम शामिल हैं, के अनुमोदन, परियोजना घटकों और अनुमानित लागतों का ब्यौरा क्या है;

(घ) सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में प्रत्येक सीबीडीडी परियोजना के लिए वर्ष-वार और परियोजनावार आवंटित, जारी और उपयोग की गई कुल निधि कितनी है;

(ङ) प्रत्येक परियोजना के पूरा होने की समय-सीमा सहित कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(च) क्या सरकार ने सीबीडीडी परियोजना दिशानिर्देशों के भाग के रूप में संवहनीयता, विरासत संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी को शामिल किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) दिनांक 31 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार तेलंगाना में इको-पर्यटन और अमृत धरोहर स्थलों का ब्यौरा क्या है; और

(ज) हाल के वर्षों में तेलंगाना में पर्यटन क्षेत्र में पर्यटकों की आमद बढ़ाने और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे अतिरिक्त कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ज) : पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना, चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के अंतर्गत 4 विषयों अर्थात संस्कृति और विरासत, आध्यात्मिक, पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर और जीवंत गाँव कार्यक्रम के अंतर्गत 42 स्थलों की पहचान की है। संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों और योजना के दिशानिर्देशों आदि के अनुरूप, पर्यटन मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों सहित देश में 36 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका विवरण **अनुबंध I** में दिया गया है । सीबीडीडी के तहत स्वीकृत परियोजनाओं

का कार्यान्वयन राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा किया जाता है और परियोजना के पूरा होने की समय-सीमा मार्च, 2026 निर्धारित की गई है।

यद्यपि, पर्यटन स्थलों और पर्यटन उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, तथापि, पर्यटन मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन की एक उप-योजना, 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को धन की उपलब्धता, योजना दिशानिर्देशों का पालन, राज्य सरकार द्वारा विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) प्रस्तुत करने आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करके पर्यटन अवसंरचना के विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। इसके अलावा, भारत सरकार ने 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई)' नामक अपनी पहल के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता भी प्रदान की है। एसडी, एसडी 2.0, प्रशाद और एसएएससीआई योजनाओं के तहत पर्यटन परियोजनाओं के विकास के लिए तेलंगाना राज्य को दी गई वित्तीय सहायता का विवरण **अनुबंध II** में दिया गया है।

उपर्युक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन तथा इसके संचालन और प्रबंधन का तेलंगाना सहित पूरे देश में रोजगार सृजन में वृद्धि में भी योगदान है।

*****

**अनुबंध-I**

डॉ. बायरेड्डी शबरी और श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा सीबीडीडी योजना के अंतर्गत गंतव्य के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1250 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में **विवरण**

**चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन योजना की एक उप-योजना, के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **विषय** | **स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)** | **उपयोग के लिए प्राधिकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | अहोबिलम - एक आध्यात्मिक यात्रा प्रमुख घटक: मुख्य मार्ग की स्ट्रीट स्क्रेपिंग, सन्निधि स्ट्रीट का नवीनीकरण, सौर ऊर्जा से चलने वाले आश्रयों के साथ व्यवस्थित पार्किंग, निचले अहोबिलम में एक अनुभव केंद्र और संग्रहालय और श्री मालोला नरसिंह स्वामी मंदिर में तालाब मार्ग का पुनरुद्धार, प्लाजा का विकास, ट्रैकिंग मार्गों का सुधार आदि। | संस्कृति और विरासत | 25.00 | 2.50 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 2024-25 | नागार्जुन सागर में बौद्ध विरासत और सांस्कृतिक अनुभवों का संवर्धन प्रमुख घटक: बौद्ध अनुभव केंद्र, ज़ेन | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 | 2.50 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | गार्डन, रेस्तरां, पॉड्स और अन्य सुविधाएँ जैसे टिकट काउंटर, जनसुविधाएँ आदि। | | | |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | बिचोम बांध साहसिक और पारिस्थितिकी पर्यटन परियोजना | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.90 | 0.98 |
| 4 | अरुणाचल प्रदेश | 2024-25 | किभितो सीमांत पर्यटन - शांति का प्रवेश द्वार | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.96 | 0.50 |
| 5 | असम | 2024-25 | पाणिधिंग पक्षी अभयारण्य, शिवसागर | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.99 | 0.99 |
| 6 | बिहार | 2024-25 | सोनपुर मेला मैदान, सारण में पर्यटक सुविधाओं का विकास | संस्कृति और विरासत | 24.29 | 2.43 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 2024-25 | मायाली बगीचा का पारिस्थितिकी पर्यटन स्थल के रूप में विकास | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.97 | 0.99 |
| 8 | गोवा | 2024-25 | मायेम गाँव में हरवलम जलप्रपात का सौंदर्यकरण और विकास | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.81 | 0.99 |
| 9 | गुजरात | 2024-25 | शर्मिष्ठा झील का रूपांतरण: वडनगर में प्रकाश और संस्कृति | संस्कृति और विरासत | 17.29 | 1.73 |
| 10 | गुजरात | 2024-25 | हरसिद्धि तट, पोरबंदर में सेक्रेड ओशियन रिट्रीट | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.66 | 2.47 |
| 11 | गुजरात | 2024-25 | थोल: परिवर्तनकारी पर्यटन 'सौहार्दपूर्ण स्थायित्व, अनुकूलित कौशल' | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.96 | 0.10 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अग्रणी प्रौद्योगिकी | | | |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | काज़ा में पर्यटन अवसंरचना विकास | संस्कृति और विरासत | 24.82 | 2.49 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 2024-25 | रक्छम, छितकुल में पर्यटन अवसंरचना विकास | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.96 | 0.50 |
| 14 | झारखंड | 2024-25 | रामरेखा धाम, सिमडेगा में पर्यटन अवसंरचना विकास | आध्यात्मिक पर्यटन | 18.87 | 1.89 |
| 15 | केरल | 2024-25 | थालास्सेरी: आध्यात्मिक जुड़ाव | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 | 2.50 |
| 16 | केरल | 2024-25 | वर्कला-दक्षिण काशी | संस्कृति और विरासत | 25.00 | 2.50 |
| 17 | लद्दाख | 2024-25 | मुश्कोह को एक स्थायी पर्यटन केंद्र के रूप में उन्नत बनाना: वन्यजीव दर्शन और सामुदायिक प्रगति का एकीकरण | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.82 | 0.99 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 2024-25 | मध्यकालीन वैभव 2.0, ओरछा | आध्यात्मिक पर्यटन | 25.00 | 2.50 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2024-25 | अहमदनगर किले का विकास | संस्कृति और विरासत | 25.00 | 2.50 |
| 20 | मणिपुर | 2024-25 | मणिपुर की प्राचीन राजधानी, लंगथबल कोनुग का विकास | संस्कृति और विरासत | 24.69 | 2.47 |
| 21 | मेघालय | 2024-25 | मावफलांग सांस्कृतिक एवं विरासत केंद्र | संस्कृति और विरासत | 24.87 | 2.49 |
| 22 | मेघालय | 2024-25 | नर्तियांग आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.87 | 2.49 |
| 23 | नगालैंड | 2024-25 | सोलफुल ट्रेल: इम्पुर विरासत अनुभव, इम्पुर गाँव | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.94 | 2.50 |
| 24 | नगालैंड | 2024-25 | दोयांग पर विंग्स का विकास: एक | पारिस्थितिकी पर्यटन और | 10.00 | 0.10 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | इको पर्यटन स्थल, दोयांग जलाशय | अमृत धरोहर स्थल | | |
| 25 | पुदुचेरी | 2024-25 | व्हाइट टाउन का विकास | संस्कृति और विरासत | 22.19 | 2.22 |
| 26 | पंजाब | 2024-25 | हुसैनीवाला बॉर्डर, फिरोजपुर में सांस्कृतिक और विरासत खंड | संस्कृति और विरासत | 25.00 | 2.50 |
| 27 | पंजाब | 2024-25 | विरासत मार्ग - श्री आनंदपुर साहिब, रूपनगर में शांति और सद्भाव का प्रतीक | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.90 | 2.49 |
| 28 | सिक्किम | 2024-25 | वीरता की गूँज: गनाथांग घाटी अनुभव, गनाथांग गाँव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 5.00 | 0.50 |
| 29 | सिक्किम | 2024-25 | काबी क्रॉनिकल्स: एकता और विरासत के माध्यम से एक यात्रा, काबी, मंगन | आध्यात्मिक पर्यटन | 24.96 | 2.50 |
| 30 | तमिलनाडु | 2024-25 | रामेश्वरम का प्रतीकात्मक परिवर्तन | आध्यात्मिक पर्यटन | 20.01 | 2.00 |
| 31 | तेलंगाना | 2024-25 | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | संस्कृति और विरासत | 24.85 | 2.49 |
| 32 | तेलंगाना | 2024-25 | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में पारिस्थितिक पर्यटन परियोजना का विकास | पारिस्थितिकी पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 9.98 | 0.99 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 2024-25 | महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास | संस्कृति और विरासत | 24.98 | 2.50 |
| 34 | उत्तराखंड | 2024-25 | जादुंग उत्सव मैदान, जादुंग का विकास | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.99 | 0.50 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | उत्तराखंड | 2024-25 | कैंचीधाम परिसर, कैंचीधाम का विकास | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 17.60 | 1.76 |
| 36 | उत्तराखंड | 2024-25 | माना हाट परियोजना | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 4.99 | 0.50 |
| **कुल** | | | | | **648.10** | **63.05** |

*****

**अनुबंध-II**

डॉ. बायरेड्डी शबरी और श्री अरविंद धर्मापुरी द्वारा सीबीडीडी योजना के अंतर्गत गंतव्य के संबंध में दिनांक 28.07.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †1250 के भाग (क) से (ज) के उत्तर में **विवरण**

**एसडी, प्रशाद, एसडी 2.0, सीबीडीडी, एसीए और एसएएससीआई के तहत तेलंगाना राज्य में स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | परिपथ/स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| | **स्वदेश दर्शन** | | |
| 1. | महबूबनगर जिले में इको टूरिज्म सर्किट का विकास | इको सर्किट 2015-16 | 91.62 |
| 2. | मुलुगु-लकनावरम- मेदावरम- तडवई- दमरावी- मल्लुर- बोगथा झरने का विकास | जनजातीय परिपथ 2016-17 | 79.87 |
| 3. | कुतुबशाही हेरिटेज पार्क - पैगाह मकबरा- हयात बख्शी मस्जिद- रेमंड का मकबरा का विकास | विरासत परिपथ 2017-18 | 96.90 |
| | **प्रशाद** | | |
| 1. | जोगुलम्बा देवी मंदिर का विकास | 2020-21 | 38.90 |
| 2. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर में तीर्थस्थल और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 |
| 3. | भद्राचलम में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 |
| 4. | देवी रेणुका येललामा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 2024-25 | 4.22 |
| | **स्वदेश दर्शन 2.0** | | |
| 1. | भौंगिर किला अनुभवात्मक क्षेत्र | 2023-24 | 56.81 |
| 2. | अनंतगिरी वन में इको पर्यटन क्षेत्र | 2023-24 | 38.00 |
| | **सीबीडीडी** | | |
| 1. | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | 2024-25 | 25.00 |
| 2. | निज़ामसागर, कामारेड्डी में इको-टूरिज्म परियोजना का विकास | 2024-25 | 10.00 |
| | **'केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' (ए सी ए)** | | |
| 1. | हैदराबाद रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास | 2016-17 | 4.41 |
| 2. | संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वाटर स्क्रीन और संगीतमय फव्वारे के साथ मल्टीमीडिया लेज़र शो | 2022-23 | 50.00 |
| 3. | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना में | 2022-23 | 11.80 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | डिजिटल मल्टीमीडिया तकनीक और प्रकाश व्यवस्था का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग | | |
| 4. | कांचीगुडा रेलवे स्टेशन हेरिटेज बिल्डिंग के अग्रभाग का प्रकाश | 2023-24 | 3.41 |
| | **एसएएससीआई** | | |
| 1. | रामप्पा क्षेत्र में सतत पर्यटन परिपथ | 2024-25 | 73.74 |
| 2. | नल्लामाला में सोमासिला वेलनेस और आध्यात्मिक रिट्रीट | 2024-25 | 68.10 |

*****